# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (02.03.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:02.03.2025, PAGE06

# बीआरएबीयू: ऐतिहासिक शोध में कई चुनौतियां

- इतिहास विभाग में शोध व्याख्यान का आयोजन
- ऐतिहासिक शोध की चुनौती व संभावना पर चर्चा

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। ऐतिहासिक शोध में कुछ प्रमुख चुनौतियां हैं, जैसे स्रोतों की उपलब्धता, सत्यापन और काल्पनिक दृष्टिकोण से बचाव। शोधार्थियों को विभिन्न स्रोतों का विवेकपूर्ण प्रयोग करना चाहिए और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर शोध कार्य में नयापन लाना चाहिए। उन्हें डिजिटल टेक्नोलॉजी और आर्काइव्स के महत्व को भी समझना होगा। ये बातें शनिवार को बीआरए बिहार विवि के इतिहास विभाग में ऐतिहासिक शोध की चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता एलएस कॉलेज के इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष इतिहासकार प्रो. भोजनंदन प्रसाद सिंह ने कही। पीएचडी कोर्स वर्क 2022 के शोधार्थियों के लिए आयोजित इस शोध व्याख्यान में उन्होंने ऐतिहासिक शोध में नई संभावनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने शोधार्थियों से कहा कि अगर इतिहास पढ़ना है तो हमें भारतीय ज्ञान परंपरा और पद्धति को समझना होगा वरना इतिहास अधूरा रहेगा। कहा कि कोई भी ज्ञान या विद्या मनुष्य के कल्याण के लिए होनी चाहिए। कार्यक्रम संयोजक सह मंच संचालिका डॉ. अंशु त्यागी ने कहा कि यह व्याख्यान शोधार्थियों को ऐतिहासिक शोध के समक्ष आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं को समझने में मदद करेगा और उनके शोध कार्य को नई दिशा देगा। प्रो. रेणु कुमारी ने सभी अतिथियों का आभार जताया। प्रो. शिवेश कुमार ने धन्यवाद किया। मौके पर राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा प्रो. नीलम कुमारी, अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्षा प्रो. विनीता वर्मा, दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्षा प्रो. लक्ष्मी कुमारी साह समेत अन्य शिक्षक व शोधार्थी उपस्थित थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:02.03.2025, PAGE-06

# सात दिनों में 72 कालेजों की जांच करेंगी 10 टीमें

### नए सत्र में कालेजों के संबधन प्रस्ताव पर जांच रिपोर्ट के अनुसार होगा निर्णय आधारभूत संरचना महत्वपूर्ण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नए सत्र में संबद्धता प्रदान करने से पहले सात दिनों में 72 कालेजों की जांच होगी। इसके लिए कुल 10 टीमों का गठन किया गया है। कालेजों की जांच के बाद टीम अपनी इंस्पेक्शन रिपोर्ट सात मार्च तक प्रस्तुत करेगी। मानकों को पूरा करने वाले कालेजों का संबंधन संबंधी प्रस्ताव जांच टीम की अनुशंसा पर आठ मार्च को होने वाली न्यू टीचिंग एंड एफिलेशन कमेटी की बैठक में रखा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद अन्य स्टैच्युटरी बाडी से इसे पारित कराया जाएगा।

संबंधन प्रस्ताव के आलोक में कालेजों की आधारभूत संरचना समेत अन्य मानकों की जांच के लिए सबसे अधिक तीन टीम का गठन जिले में किया गया है। वहीं वैशाली जिले के कालेजों के लिए एक, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में अवस्थित कालेजों के लिए दो एवं सीतामढ़ी और शिवहर के कालेजों की जांच के लिए भी दो टीम का गठन किया गया है। सबसे अधिक जिले में 21 कालेजों की जांच होनी है। कुल तीन प्रकार के कालेजों ने संबंधन के लिए आवेदन किया है। इसमें सबसे अधिक कालेजों ने नव संबंधन के लिए आवेदन किया है। वहीं संबंधन विस्तार और स्थायी संबंधन यानी तीन कैटेगरी में कालेजों ने आवेदन किया है। पहले दिन टीम ने जिले में कई कालेजों का निरीक्षण किया। कालेजों में मानक के अनुसार उपलब्ध सुविधाओं की जांच की गई। प्राक्टर प्रो. बीएस राय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के अधिकारियों और अन्य शिक्षकों की बैठक गेस्ट हाउस में हुई। इसमें मानकों के आधार पर कालेजों का होने वाले निरीक्षण पर चर्चा हुई। बताया गया है कि कुल नौ बिंदुओं पर कालेजों की जांच की जानी है। साथ ही यह भी देखा जाना है कि राज्य सरकार के पोर्टल पर दी गई जानकारी कालेज में उपलब्ध है या नहीं।

इंस्पेक्टर आफ कालेजेज आर्ट्स डा. राजीव कुमार ने बताया कि नए सत्र में कालेजों को संबद्धता प्रदान करने से पहले आधारभूत संरचना समेत अन्य मानकों की जांच के लिए 10 टीम का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि न्यू टीचिंग एंड एफलिएशन कमेटी की बैठक के बाद अगले सप्ताह एकेडमिक काउंसिल की बैठक होगी। इसके बाद दो सिंडिकेट की बैठक के बाद सबसे अंत में 27 मार्च को सीनेट की बैठक होनी है।

**8** को होने वाली न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी की बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव



### संबंधन प्रस्ताव के लिए जिलावार कालेज

| | | | |
|---|---|---|---|
| मुजफ्फरपुर | 21 | प. चंपारण | 14 |
| वैशाली | 13 | सीतामढ़ी | 6 |
| पूर्वी चंपारण | 15 | शिवहर | 3 |

### तीन हजार से अधिक सीटों के लिए जारी होगी दूसरी मेधा सूची

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी कोर्स में दूसरी मेधा सूची के आधार पर करीब तीन हजार से अधिक छात्राओं का नामांकन होगा। पीजी 2024-26 में नामांकन के लिए तीन मार्च को दूसरी मेधा सूची जारी होगी। पहली मेधा सूची के आधार पर 6600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने नामांकन लिया है। पहली मेधा सूची में नाम आने के बाद नामांकन नहीं लेने वाले विद्यार्थियों को दूसरी मेधा सूची में जगह नहीं मिलेगी।

### दो विभागाध्यक्ष और दो प्राचार्य बने सिंडिकेट सदस्य

मुजफ्फरपुरः बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सिंडिकेट की बैठक से पहले चार नए सदस्यों को नामित किया गया है। इसमें दो प्राचार्य और दो पीजी विभागाध्यक्ष शामिल है। अधिसूचना में नए सिंडिकेट सदस्य के रूप में पीजी कामर्स विभागाध्यक्ष डा. रवि श्रीवास्तव व पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. नीलम कुमारी, एसएलके कालेज सीतामढ़ी और आरएसएस महिला कालेज के प्राचार्य को एक वर्ष के लिए सिंडिकेट सदस्य नामित किया गया है। विश्वविद्यालय में 27 मार्च को सीनेट की बैठक होनी है। इससे 15 दिन पहले सिंडिकेट की बैठक का होना जरूरी है।

## होली बाद होगी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में तीन महीने से अधिक की देरी से स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा होली के बाद शुरू होगी। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। सबकुछ ठीक रहा तो अगले सप्ताह परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से 18 मार्च से परीक्षा शुरू किए जाने का प्रस्ताव है। इसपर फिलहाल अभी सहमति नहीं बनी है। दूसरी ओर कालेजों में परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। स्नातक सत्र 2023-27 के तहत नामांकित थर्ड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की परीक्षा दिसंबर में होनी थी, लेकिन इसमें विलंब हो गया। इस बीच सत्र 2024-28 में नामांकित छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं होने लगीं। जनवरी में परीक्षाएं संपन्न हुई। इसके बाद बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से फरवरी महीने में पहले इंटर फिर बाद में



मैट्रिक की परीक्षा शुरू हो गई। अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों और अन्य स्थानों पर केंद्र होने के कारण विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा नहीं कराई जा सकी। ऐसे में दिसंबर में होने वाली परीक्षा अब मार्च के तीसरे सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि इस महीने थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी। इसके लिए तैयारियां चल रही है। उल्लेखनीय है कि थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में 1.10 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:02.03.2025
PAGE-06

## रूसी भाषा विभाग में वेबिनार

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के रशियन विभाग में शनिवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विभिन्न भाषाओं और साहित्य के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ भाषाई विविधता को प्रोत्साहित करना था। इस वेबिनार में रूसी विभाग के विद्यार्थियों ने हिंदी और रूसी भाषा में काव्य पाठ किया। साकिब, मनतशा, प्रतिभा, जूही, सत्यम, हनी, शबनम, सोनाली और श्रेया ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE:02.03.2025, PAGE-04

## 'ऐतिहासिक दृष्टिकोण से शोध प्रभावी'

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के इतिहास विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क 2022 के शोधार्थियों के लिए शोध व्याख्यान हुआ. प्रो भोजनंदन प्रसाद सिंह ने शोध के विभिन्न दृष्टिकोण जैसे सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीति को ध्यान में रखने और स्रोतों की विश्वनीयता को परखने पर बल दिया. डॉ अंशु त्यागी ने भी विचार रखे.समापन प्रो शिवेश के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. इस दौरान राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो नीलम, अर्थशास्त्र की प्रो विनीता वर्मा, दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो लक्ष्मी साह, इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ अर्चना पांडेय, डॉ सत्य प्रकाश राय, डॉ गौतम चंद्रा, शोधार्थी हिमांशु, अन्नू, कुंदन, अनुराग, मणिरंजन सहित अन्य मौजूद थे.

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE:02.03.2025
PAGE-04

## हिंदी व रूसी भाषा में सुनायी कविताएं

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में रूसी विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया. यह कार्यक्रम वेबिनार से हुआ. इस वेबिनार में रूसी विभाग के विद्यार्थियों ने हिंदी व रूसी भाषा में काव्य पाठ किया.

साकिब, मनतशा, प्रतिभा, जूही, सत्यम, हनी, शबनम, सोनाली व श्रेया ने कविता सुनायी. प्रो दिव्यम प्रकाश के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR

DAE: 02.03.2025, PAGE-04


## अगले हफ्ते विवि जारी करेगा परीक्षा का शिड्यूल

# स्नातक थर्ड सेमेस्टर के लिए पांच तक भरें फॉर्म

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा होली के बाद शुरू होगी. इसको लेकर विवि ने तैयारी शुरू कर दी है. अभी पांच मार्च तक कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरा जायेगा. इसके बाद केंद्र तय करते हुए एडमिट कार्ड तैयार होगा. अगले सप्ताह परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया जायेगा. स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में पहले ही करीब तीन महीने की देर हो चुकी है. इसके साथ ही अप्रैल-मई में इस सत्र के फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा भी करानी है. सत्र 2023-24 में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में एक साथ चार वर्षीय स्नातक कोर्स लागू किये गये हैं. रेगुलेशन के अनुसार साल में दो परीक्षाएं करानी हैं. अप्रैल-मई व अक्टूबर-नवंबर में परीक्षा का कार्यक्रम प्रस्तावित है. लेकिन, पहले सत्र की केवल सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा ही पिछले साल हो सकी. थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा अक्टूबर-नवंबर में करानी थी, लेकिन सेकेंड सेमेस्टर का रिजल्ट तैयार नहीं होने से परीक्षा अटक गयी.दरअसल, फर्स्ट व सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को ही थर्ड सेमेस्टर में शामिल किया जायेगा. दोनों सेमेस्टर में कम से कम 28 क्रेडिट स्कोर अनिवार्य है. इस तरह थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में करीब 1.10 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे. विवि की ओर से पहले 20 फरवरी तक परीक्षा फॉर्म भरने के लिए समय दिया गया था. इस दौरान कॉलेजों में बिहार बोर्ड की परीक्षा चल रही थी. इस स्थिति में अधिकतर कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म नहीं भरवाया जा सका. इसको देखते हुए पांच मार्च तक परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी गयी है. सभी कॉलेजों को कहा गया है कि फर्स्ट व सेकेंड सेमेस्टर में 28 क्रेडिट हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं का ही थर्ड सेमेस्टर के लिए परीक्षा फॉर्म भरवाएं.

### पीजी में एडमिशन के लिए तीन को दूसरी सूची

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी सत्र 2024-26 में एडमिशन के लिए तीन मार्च को दूसरी मेरिट सूची जारी की जायेगी. दूसरी सूची में तीन हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को विभाग व कॉलेज आवंटित होंगे. पहली मेरिट सूची 10 हजार से अधिक सीटों के लिए जारी की गयी थी, जिसमें करीब 6600 छात्र-छात्राओं ने ही एडमिशन लिया है. इस सत्र के लिए करीब 26 हजार आवेदन आये हैं. विवि की ओर से बताया गया कि जिन अभ्यर्थियों का नाम पहली मेरिट सूची में आ गया है, उनका नाम दूसरी मेरिट सूची में शामिल नहीं किया जायेगा. इसी तरह सेकेंड सूची में नाम आने के बाद कोई अभ्यर्थी एडमिशन नहीं लेता है, तो थर्ड सूची में उसे मौका नहीं दिया जायेगा. विवि से 15 मार्च तक पीजी में एडमिशन पूरा करने का निर्णय लिया गया है. ऐसे में दोनों मेरिट सूची में शामिल छात्र-छात्राओं को एडमिशन के लिए ज्यादा समय नहीं दिया जायेगा.

□ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर स्कैन कर लें.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 02.03.2025, PAGE-04

# बीआरएबीयू : संबद्धता वाले 72 कॉलेजों की होगी जांच

- कॉलेजों की संरचना व मानकों की जांच करेंगी 10 टीमें

उप मुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में संबद्धता प्रदान करने से पहले 72 कॉलेजों की जांच होगी. इसके लिए 10 टीमें बनी हैं. कॉलेजों की आधारभूत संरचना सहित अन्य मानकों की जांच के लिए सर्वाधिक तीन टीमें मुजफ्फरपुर में ही हैं. वैशाली के कॉलेजों के लिए एक टीम, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के कॉलेजों के लिए दो टीम, सीतामढ़ी व शिवहर के कॉलेजों की जांच के लिए दो टीमें बनी हैं. मुजफ्फरपुर में 21 कॉलेजों की जांच होनी है.

टीम अपनी इंस्पेक्शन रिपोर्ट सात मार्च तक प्रस्तुत करेगी. आठ मार्च को होने वाली न्यू टीचिंग एंड एफिलेशन कमेटी की बैठक में जांच रिपोर्ट को पेश किया जायेगा.

## नौ बिंदुओं पर सुविधाएं परखी गयीं

मानकों को पूरा करने वाले कॉलेजों को संबद्धता की अनुशंसा होगी. प्रॉक्टर प्रो बीएस राय के नेतृत्त्व में शनिवार को जिले के कई कॉलेजों का निरीक्षण हुआ. इसमें कुल नौ बिंदुओं पर उपलब्ध सुविधाओं की जांच हुई. इससे पहले विवि गेस्ट हाउस में अधिकारियों व कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई. इसमें जल्द जांच पूरा करने व मानकों का पालन करने पर जोर दिया गया.